# अध्याय 17: धर्म और रीती–रिवाज

हांगकांग का मौलिक कानून धार्मिक स्वतंत्रा की गारंटी देता है, जो विविध संप्रदायों के समन्वयपूर्ण सहअस्तित्व की अनुमति देता है। विभिन्न धर्मों पर निम्नलिखित जानकारी, जिसे 31 दिसम्बर, 2019 को अद्यतन किया था, हांगकांग ईयरबुक से ली गई है।

## बौद्ध धर्म

बौद्ध धर्म हांगकांग में प्रचलित मुख्य धर्मों में से एक है, और इसके लगभग दस लाख अनुयायी और 400 से अधिक मंदिर हैं, इनमें से कुछ 700 से अधिक वर्षों पुराने हैं।

स्थानीय बौद्ध समूहों ने लम्बे समय तक हांगकांग में सामाजिक कल्याण तथा शिक्षा प्रदान की है। उदहारण के लिए हांगकांग बौद्ध एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1945 में की गई थी और इसका यह बौद्ध शिक्षण तथा संस्कृति का प्रचार करते हुए जनता को धर्मार्थ सेवाएं प्रदान करना था, जिसमें युवा और बुजुर्गों दोनों के लिए चिकित्सा तथा सामान्य देखभाल शामिल है।

## ताओ धर्म

ताओ धर्म  2000 साल के इतिहास के साथ चीन का स्वदेशी धर्म है। हांगकांग में दस लाख से अधिक ताओवादी अनुयायी हैं और 300 से अधिक ताओवादी मठ और मंदिर हैं।

वर्ष 1961 में प्रमुख मंदिरों के प्रतिनिधियों द्वारा बनाया गया हांगकांग ताओवादी एसोसिएशन, ताओवादी ग्रंथों तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और धर्मार्थ गतिविधियों का आयोजन करता है।  मार्च के दुसरे रविवार को आयोजित वार्षिक ताओवादी दिवस में ताईजांग लॉजून, या लाओजी के जन्मदिन का जश्न मनाया जाता है, जिसे ताओवादी ताओ धर्म का संस्थापक

और *ताओ ते चिंग* , जो कि ईसा पूर्व चौथी सदी के अंत का मुख्य ग्रन्थ है, का लेखक मानते हैं।

## कन्फ्यूशियनवाद

कन्फ्यूशियनवाद प्राचीन चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस से प्राप्त धार्मिक, नैतिक तथा दार्शनिक शिक्षा का एक संग्रह है जो परंपरा और संस्कार के महत्व पर जोर देता है। इन सिद्धांतों को कन्फ्यूशियन अकादमी के समर्थन से स्थानीय प्राथमिक, माध्यमिक और विश्वविद्यालय के शिक्षण में प्रस्तुत किया गया है। अन्य स्थानीय कन्फ्यूशियन संगठनों में हांगकांग कन्फ्यूशियंस संघ और कन्फ्यूशियस हॉल हांगकांग शामिल हैं।

प्रमुख कन्फ्यूशियस समारोह कन्फ्यूशियस के जन्मदिन को मनाया जाता है जो आठवें चंद्र मास के 27 वें दिन आता है। अकादमी मध्य-पतझड़ के अगले दिन कन्फ्यूशियस दिवस' के रूप में मनाती है जिसे सरकार द्वारा स्वीकृत और समर्थित है। एक अन्य मुख्य समारोह का दिन, प्राचीन चीनी दार्शनिक मेनिसियस का जन्मदिन है, जो चौथे चंद्र मास के दुसरे दिन होता है।

## ईसाई धर्म

ईसाई समुदाय की संख्या लगभग 12 लाख है जिनमें मुख्य रूप से प्रोटेस्टेंट्स तथा रोमन कैथेलिक हैं। ग्रीक, रूसी, और कॉप्टिक रुढ़िवादी चर्च की भी हांगकांग में मौजूदगी है।

### *प्रोटेस्टेंट्स समुदाय*

स्थानीय प्रोटेस्टेंट्स आंदोलन 1841 में आरंभ हुआ था। हांगकांग क्रिश्चियन कौंसिल और रिसर्च इंस्टीट्युट द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार इसके अब करीब 800,000 पंजीकृत सदस्य 70 से ज्यादा सम्प्रदायों में फैले हुए हैं और 400 से अधिक स्वतंत्र चर्च हैं। कम से कम 1,500 मंडलियों में से लगभग 1,300 चीनी भाषी हैं। इनमें स्वदेशी संप्रदाय जैसे चीन में चर्च ऑफ़ क्राइस्ट (प्रेस्बिटेरियन और साम्प्रदायिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं), वास्तविक यीशु चर्च तथा स्थानीय चर्च (छोटे झुंड), साथ ही स्वतंत्र मंडलियां भी शामिल हैं। चर्चों

के बीच सहयोग हांगकांग ईसाई परिषद तथा हांगकांग चीनी क्रिश्चियन चर्च यूनियन द्वारा किया जाता है।

730 से अधिक पैरा-चर्च एजेंसियां प्रोटेस्टेंट्स समुदाय की आवश्यकताओं तथा आपातकालीन राहत और विकास परियोजनाओं के समर्थन में भाग लेती हैं।

### *रोमन कैथेलिक समुदाय*

हांगकांग में रोमन कैथेलिक चर्च की स्थापना वर्ष 1841 में एक मिशन प्रान्त के रूप में की गई है और वर्ष 1946 में यह धर्मप्रदेश बन गया था। हांगकांग के कैथोलिक धर्मप्रदेश के अनुसार हांगकांग में लगभग 4,03,000 कैथेलिक, जिनकी सेवा 285 पुजारियों, 52 पारिशियों में 68 ब्रदर्स तथा 441 सिस्टर्स द्वारा की जाती है, 40 चर्च, 33 चैपल और कैनटॉन्ग में आयोजित धार्मिक सेवाओं के लिए 27 हॉल शामिल थे; साथ प्रतिशत पेरिश अंग्रेजी, और कुछ मामलों में टैगलॉग, फिलिपिनो भाषा में भी सेवाएं प्रदान करते हैं। पॉप तथा दुनिया भर के अन्य कैथेलिक समुदायों के साथ घनिष्ट संबंध बनाये रखने के लिए धर्मप्रदेश की अपनी स्वयं की प्रशासनिक संरचना होती है।

## इस्लाम

हांगकांग के इनकार्पोरेटेड ट्रस्टीज ऑफ द' इस्लामिक कम्युनिटी के अनुसार हांगकांग में अनुमानित 300,000 मुसलमान हैं जिनमें 150,000 इंडोनेशियाई, 40,000 चीनी, 30, 000 पाकिस्तानी तथा भारत, मलेशिया, मध्य पूर्व, अफ्रीका तथा अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल हैं।

हांगकांग के इस्लामिक समुदाय के निगमित न्यासी स्थानीय इस्लामिक गतिविधियों का समन्वय, पाँच मस्जिदों, दो कब्रिस्तानों तथा एक बालवाड़ी का प्रबंधन करते हैं। वे अंतिम संस्कार की व्यवस्था, रमजान सहित त्योहारों की तारीखों की घोषणा और हांगकांग में हलाल खाद्य पदार्थों के लिए निरीक्षण करते हैं और प्रमाण पत्र जारी करते हैं।

स्थानीय चीनी मुसलमान मुख्य रूप से चीनी मुस्लिम सांस्कृतिक और फ्रेटरनल एसोसिएशन द्वारा संचालित होते हैं जो एक कॉलेज, दो प्राथमिक स्कूल तथा दो बालवाड़ियों का संचालन करते हैं।

सबसे पुरानी मस्जिद मध्य-स्तरों में जामिया मस्जिद है, जिसका निर्माण 1849 में किया गया था और 1915 में इसका पुनर्निर्माण किया गया जो 400 से अधिक उपासकों की जरूरतें पूरा करती है। वान चाई में 1500 से अधिक लोगों की क्षमता वाली आठ मंजिला मस्जिद अमत और उस्मान रमू सादिक इस्लामिक सेंटर में एक पुस्तकालय, एक क्लिनिक, एक इस्लामिक कैंटीन तथा मुस्लीम समुदाय बालवाड़ी इसकी कई सुविधाओं में से एक हैं। कोवलून मस्जिद और इस्लामी केंद्र, अपनी विशिष्ट सफ़ेद संगेमरमर की फिनिश के साथ सिन शो त्सुई में एक मील का पत्थर है और स्थानीय मुसलमानों की असली पहचान प्रकट करती है। इसकी क्षमता 3, 500 लोगों की है और हर साल इसमें लगभग एक मिलियन उपयोगकर्ता आते हैं। स्टेनली मस्जिद स्टेनली जेल के अन्दर है और चाय वां मस्जिद केप कोलिन्सन में है। कब्रिस्तान हैप्पी वैली और केप कोलिन्सन में हैं।

## हिंदु धर्म

भारत, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, और अन्य एशियाई देशों के 100, 000 हिन्दू समुदाय की धार्मिक तथा सामाजिक गतिविधियों को हैप्पी वैली में हिन्दू मंदिर पर केन्द्रित किया गया है, जिसका प्रबंधन तथा रखरखाव हांगकांग का हिन्दू संघ करता है। उपासक ध्यान करने, आध्यात्मिक व्याख्यान. योग कक्षाओं तथा अन्य सामुदायिक गतिविधिओं तथा दिवाली, दशहरा, होली, गणेश चतुर्थी और हनुमान पूजा करने के लिए इस मंदिर का उपयोग करते हैं। हिन्दू संस्कारों और विवाह अध्यादेश के अनुसार मंदिर में सगाई तथा शादी समारोह किए जाते हैं। अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में अंतिम संस्कार , अंतिम संस्करार संबंधित अनुष्ठानों की व्यवस्था करना और केप कोलिन्सन में हिन्दू शमशान का रखरखाव करना शामिल है।

मंदिर में हर रविवार की सुबह भक्ति संगीत सत्र तथा धार्मिक प्रवचन होते हैं, इसके बाद सोमवार की शाम को मुफ्त सामुदायिक भोजन दिया जाता है।

## सिख धर्म

हांगकांग में पहला सिक्ख 19वी सदी में ब्रिटिश सैन्य बलों के हिस्से के रूप में पंजाब, भारत से आया था। 1901 में ब्रिटिश आर्मी रेजिमेंट के शहर में पदस्थापित सिक्ख सदस्यों ने पहले सिक्ख गुरूघर, श्री गुरू सिंह सभा का निर्माण क्वीन्स रोड ईस्ट, वान चेइ में किया था। इस गुरूघर का बाद में खालसा दीवान के रूप में नामकरण किया गया। पुराने भवन को 2018 के मध्य में ढहा दिया गया क्योंकि दरारें उभर गई थी, जबकि 2008 में निर्मित एक एक्सटेंशन ब्लॉक इस्तेमाल में है। एक नया चार-मंजिला गुरूघर दो प्रार्थना हॉल, एक मुफ्त रसोई और लंगर कक्ष, प्राइवेट कार्यरत कमरे, सेमीनार हॉल, एक डिजिअल लाइब्रेरी, एक कार पार्क और अन्य सुविधाओं के साथ निर्माणाधीन है और 2020 के अंत तक पूरा हाने की उम्मीद है।

खालसा दीवान, एक पंजीकृत धर्मार्थ संगठन द्वारा गुरूघर का प्रबंधन किया जाता है जो सिख और गैर-सिख दोनों को स्वैच्छिक सेवाओं का उपयोग करने की पेशकश करता है, जिसमें लंगर (एक मुफ्त भोजन) और विदेशी आगंतुकों के लिए अल्पकालिक आवास के प्रावधान शामिल है।

खालया दीवान के अनुसार हांगकांग में लगभग 12,000 सिख हैं। सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी के अनुयायी प्रत्येक सुबह और शाम धार्मिक सेवा में भाग लेते हैं। वे रविवारों और सिक्खों के मुख्य पवित्र दिनों में भी वहां एकत्र होते हैं। उनके सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक दिवस गुरू नानक देव जी और गुरू गोबिंद सिंह जी (दसवें गुरू) के जन्मदिवस और वैशाखी (सभी सिक्खों का जन्मदिवस और संस्कारदिवस) होते हैं।

## यहूदी धर्म

हांगकांग में यहूदी समुदाय का व्यवस्थापन 1840 के दशक से है और इसमें दुनिया के विभिन्न हिस्सों से जुडे परिवार शामिल हैं। तीन मुख्य सभास्थालों – ओहेल लिआ सभास्थाना (रुढ़िवादी) दैनिक सैबथ और त्यौहार सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, सैबथ और त्यौहार सेवाओं के साथ हांगकांग की संयुक्त यहूदी सभा (सुधार), दोनों रॉबिन्सन रोड में एक ही स्थान को साझा करतेहैं; और चाबाद लुबाविच, जिसमें मैकडोनेल रोड पर दैनिक सेवाएं हैं। ये सभी स्थानीय यहूदी

लोगों के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अन्य धर्म

बहाई धर्म और पारसी धर्म कई अन्य धर्मों में शामिल हैं जो कई वर्षों से हांगकांग में स्थापित किए गए हैं।